रजि. सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05 REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 11] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 13—मार्च 19, 2010 (फाल्गुन 22, 1931)

No. 11] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 13—MARCH 19, 2010 (PHALGUNA 22, 1931)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ सं.
भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं.....	449
भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.....	213
भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.....	1
भाग I--खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.....	353
भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम.....	*
भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ.....	*
भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट.....	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल है).....	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं.....	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं).....	*
भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश.....	*
भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.....	595
भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टें और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	*
भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.....	*
भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं.....	735
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस.....	85
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक.....	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page No.
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	449
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	213
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	1
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	353
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi languages of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules including Orders, Bye-laws, etc. of general character issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration off Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	595
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	*
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	735
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	85
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गईं विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 25 फरवरी 2010

सं. 6-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस 2006 के अवसर पर कमांडेंट (जे.जी.) सतीश कुमार (0308-एक्स) को शौर्य प्रदर्शन के लिए तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

कमांडेंट (जे.जी.) सतीश कुमार (0308-एक्स) ने 12 जनवरी 1992 को भारतीय तटरक्षक में सेवा आरम्भ की तथा 18 मार्च 2005 को चेन्नई आधारित 848 स्क्वाड्रन (भा.त.र.) हेलिकॉप्टर, स्क्वाड्रन में रिपोर्ट की। अफसर को घंटों की उड़ान का अनुभव है तथा चेतक जैसे एयरक्राफ्ट के लिए इन्हें उच्चतम दर्जे के मास्टर ग्रीन 'ए' पुरस्कार प्रदान किया गया। अफसर अपने कार्य के प्रति जागरूक रहा है तथा आरम्भ से ही इनको सौंपे गये सभी कार्यों में इन्होंने सकारात्मक दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया है।

2. 03 दिसम्बर 2005 को 12:30 बजे कमांडेंट (जे.जी.) सतीश कुमार को पल्लावरम के नजदीक तीरूनीरमलाय में अदयार नदी के भंवरदार जल में, पाँच व्यक्तियों के फंसने का एक संदेश प्राप्त हुआ। कोई क्षण गंवाये बिना कमांडेंट (जे.जी.) सतीश कुमार स्क्वाड्रन की ओर दौड़ पड़े तथा एक वायु गोताखोर कर्मी सहित हेलिकॉप्टर तटरक्षक-811 में, एकाकी उड़ान, वायुवाहित हो गये।

3. क्षेत्र में पहुंचने पर अफसर ने सैलाब द्वारा हुई तबाही का नजारा लिया। तीरूनीरमलाय के नजदीक पुल डूब चुका था। पानी का स्तर तेजी से बढ़ रहा था तथा उसका प्रवाह प्रबल था। सारा क्षेत्र जलमग्न हो गया था। सैन्य कुटीर, निवास, संबंधित कार्मिक तथा वाहन असहाय थे। अफसर ने तुरन्त कार्रवाई शुरू की तथा खोज की एक रूपरेखा तैयार की। खोज का सफल परिणाम यह निकला कि कमांडेंट (जे.जी.) सतीश कुमार ने साड़ से चिपके एक उत्तरजीवी को ढूंढ निकाला। विंच को शीघ्र लटकाया गया तथा उत्तरजीवी का बचाव किया गया।

4. चिकित्सा सहायता के लिए उत्तरजीवी को तुरन्त तटरक्षक वायु स्टेशन (चेन्नई) ले जाया गया तथा अन्य उत्तरजीवितों की खोज करने के लिए तटरक्षक हेलिकॉप्टर 811 पुनः वायुवाहित हो गया। क्षेत्र में पहुंचने पर अदगार नदी के पास एक पराधीन रूप से असहाय लॉरी दिखाई दी जिसमें चार व्यक्ति विक्षिप्त अवस्था में मदद के लिए पुकार रहे थे। चारों उत्तरजीवितों को एक-एक करके उठाया गया तथा नजदीकी उच्च स्थान पर सुरक्षित स्थानांतरित कर दिया गया। नीची उड़ान तथा प्रतिकूल उड़ान परिस्थितियों में कमांडेंट (जे.जी.) सतीश कुमार (0308-एक्स) द्वारा किए गये इस दुस्साहसी कार्य के परिणामस्वरूप पाँच जीवन बचाये गये। भारतीय तटरक्षक के इस बचाव कार्य से उसे बहुत ख्याति मिली तथा जिसे अखबारों तथा सभी समाचार के चैनलों पर भी विस्तृत रूप से दर्शाया गया।

5. एक अफसर तथा वायुकर्मी के रूप में कमांडेंट (जे.जी.) सतीश कुमार (0308-एक्स) ने अनुकरणीय उत्साह, कर्त्तव्यनिष्ठा, सर्वोच्च समन्वय, निर्णायकता, क्रमबद्धता तथा उड़ान कौशल का प्रदर्शन किया जिसके परिणामस्वरूप अदयार नदी से पाँच लोगों की जान बचायी गयी। इन्होंने सेवा की उच्च परंपराओं और इसके आदर्श वाक्य "वयं रक्षाम" को बनाये

रखा तथा सेवा को प्रशंसा मिली। कमांडेंट (जे.जी.) सतीश कुमार (0308-एक्स) को तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

6. तटरक्षक पदक प्रदान करने से संबद्ध नियम 11(i) के तहत् तटरक्षक पदक प्रदान किया जाता है तथा बाद में तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को नियम 13 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी देय है।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 7-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस 2006 के अवसर पर कमांडेंट (जे.जी.) प्रवीण गौड़ (0379-एल) को शौर्य प्रदर्शन के लिए तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

कमांडेंट (जे.जी.) प्रवीण गौड़ (0379-एल) ने 02 जनवरी 1994 को भारतीय तटरक्षक में सेवा शुरू की। अफसर, चेतक हेलिकॉप्टर पायलट है तथा 20 जून 1998 को इनको विंग्स प्रदान किए गए। अफसर को 2060 घंटों की उड़ान का गहन अनुभव है। अफसर ने 02 अप्रैल 2005 को पोर्टब्लेयर चेतक फ्लाइट में फ्लाइट कमांडर के रूप में कार्यभार संभाला तथा तभी से बहुत से मिशन सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ निष्पादित किए हैं, जोकि उनकी दूरदर्शिता, नेतृत्व तथा परिपक्वता को दर्शाते हैं।

2. 10 जून 2005 को अण्डमान एवं निकोबार की पुलिस ने भारतीय तटरक्षक को, 08 जून 2005 से हैवलॉक द्वीप से पोर्टब्लेयर को रवाना एक नौका के रास्ते में गुम हो जाने की सूचना दी। समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र, पोर्टब्लेयर ने मिशन अपने हाथ में लिया तथा लापता नौका की खोज एवं बचाव के लिए तटरक्षक हेलिकॉप्टर को कार्यभार सौंपा गया।

3. भारी वर्षा तथा खराब दृश्यता के कारण उड़ान के लिए विपरीत परिस्थितियां थी। चूंकि परिस्थितियां अनुभवयुक्त तथा कौशलपूर्ण उड़ान की मांग कर रही थी, इसलिए कमांडेंट (जे.जी.) प्रवीण गौड़ (0379-एल) ने चुनौती स्वीकार करते हुए खुद ही मिशन को निष्पादित करने का निर्णय लिया। कमांडेंट (क.श्रे.) प्रवीण गौड़ (0379-एल) अत्यधिक मूसलाधार वर्षा के बीच हैवलॉक की ओर बढ़े। प्रतिकूल परिस्थिति में अफसर ने पोर्टब्लेयर से लगभग 20 समुद्री मील से हैवलॉक द्वीप दक्षिण-पश्चिम में नौका को ढूंढ निकाला। शीघ्र उन्होंने मदद के लिए पुकारते दो आदमियों को ढूंढ लिया दोनों व्यक्ति घायल तथा थके हुए थे। शक्तिशाली सतही हवाओं तथा समुद्र की स्थिति ने विचिंग अभियान को मुश्किल बना दिया था किन्तु कमांडेंट (जे.जी.) प्रवीण गौड़ (0379-एल) ने पायलट के रूप में अपने कौशल तथा अनुभव का प्रयोग करते हुए स्थिति को संभाला तथा सभी सुरक्षा उपायों को अपनाते हुए दोनों उत्तरजीवितों को विमान में चढ़ा लिया। खराब मौसम के बावजूद कमांडेंट (जे.जी.) प्रवीण गौड़ (0379-एल) ने दोनो लोगों का सफलतापूर्वक बचाव कर भारतीय तटरक्षक के लिए प्रशंसा अर्जित की।

4. 27 जनवरी 2006 को स्थानीय पुलिस तथा बैनदूर मछुवारा समुदाय ने भारतीय तटरक्षक प्राधिकारियों को 26 जनवरी 2006 से दो मछुआरों के साथ लापता नौका की सूचना दी। तुरन्त ही लापता कर्मियों की खोज एवं बचाव करने के लिए एयरक्राफ्ट सी जी-803 ने उड़ान भरी। उत्तरी सैन्टीनल द्वीप के आस-पास सर्वेक्षण करने के उपरांत कमांडेंट (जे. जी.) प्रवीण गौड़ (0379-एल) ने अंतत: वैसे ही हुलिये से मेल खाती एक नौका को द्वीप के उत्तरी-पूर्वी सिरे के पास ढूंढ लिया। नौका पहचान करना एक मुश्किल कार्य था क्योंकि सैन्टीनली आदिवासियों द्वारा नौका को चारों तरफ से घेरा हुआ था। उत्तरी सैन्टीनल द्वीप के आदिवासी किसी बाहरी व्यक्ति के प्रति अपनी हेकड़ी तथा शत्रुता के लिए प्रसिद्ध हैं। जैसे ही हेलिकॉप्टर नजदीक आया उन्होंने अपने तीरों तथा भालों से लक्ष्य साध लिया। कमांडेंट (जे.जी.) प्रवीण गौड़ (0379-एल) ने आदिवासियों का ध्यान बांटने के लिए युक्ति का प्रयोग करते हुए विमान को द्वीप के दूसरी ओर ले गया। एयरक्राफ्ट उधर उतरेगा यह सोचकर सभी आदिवासी उसके पीछे दौड़ पड़े। कमांडेंट (क.श्रे.) प्रवीण गौड़ (0379-एल) ने तब तुरन्त विमान मोड़ा तथा तेजी से उस ओर अग्रसर हुए जहां पर नौका भूग्रस्त थी। नजदीक जाने पर नौका के आगे

रेत के दो ढेर दिखाई दिए, जिनसे ऐसा लग रहा था कि इन आदिवासियों ने मछुआरों को दफना दिया है। तदुपरांत, एक परिकलित जोखिम लेते हुए कमांडेंट (क.श्रे.) प्रवीण गौड़ (0379-एल) ने रेत के ढेरों के पास हेलिकॉप्टर का युक्तिचालन किया। उसी दौरान उत्तरी सैन्टीनल द्वीप के आदिवासी नौका के पास वापस लौट आये। कमांडेंट (क.श्रे.) प्रवीण गौड़ (0379-एल) ने महत्वपूर्ण सूचना लेकर उनके तीरों की मार से दूर युक्तिपूर्वक उड़ान भरते हुए हेलिकॉप्टर से निकल पड़े। यह सूचना बहुत महत्पपूर्ण थी, क्योंकि अभी तक इन शत्रु आदिवासियों के साथ कोई सामना नहीं हुआ था। एयरक्राफ्ट वापस पोर्टब्लेयर सुरक्षित रूप से लौट आया।

5. कमांडेंट (क.श्रे.) प्रवीण गौड़ (0379-एल) ने अनुकरणीय बहादुरी, कर्तव्यनिष्ठा तथा परिपक्व परिदृश्य को प्रदर्शित किया जिसके फलस्वरूप समुद्र में दो बहुमूल्य प्राणों की रक्षा की। अफसर ने भारतीय तटरक्षक की उच्च परंपराओं तथा इसके आदर्श वाक्य 'वयं रक्षाम' को बनाए रखा। डयूटी के लिए समर्पण, बेमिसाल उत्साह, सेवा के प्रति आत्म-अभिवृति को देखते हुए, कमांडेंट (क.श्रे) प्रवीण गौड़ (0379-एल) को तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

6. तटरक्षक पदक प्रदान करने से संबद्ध नियम 11(i) के तहत् तटरक्षक पदक प्रदान किया जाता है तथा बाद में तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को नियम 13 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी देय है।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 8-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस 2006 के अवसर पर उपकमांडेंट सुजीत द्विवेदी (0448-क्यू) को शौर्य प्रदर्शन के लिए तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

उपकमांडेंट सुजीत द्विवेदी (0448-क्यू) ने 16 जुलाई 1995 को भारतीय तटरक्षक में सेवा शुरू की तथा 27 अप्रैल 2004 को भारतीय तटरक्षक पोत एनीबीसेन्ट में पहरा अफसर के रूप में कार्य आरम्भ किया तथा सौंपी गयी विभिन्न डयूटियों को अत्यंत व्यावसायिक तरीकों तथा ईमानदारी से निष्पादित किया।

2. 28 मई 2006 को उदूपी जिला के प्रशासनिक प्राधिकारी तथा मात्स्यिकी विभाग के तटरक्षक जिला मुख्यालय-3, न्यू मंगलौर को, सैन्ट मेरी द्वीप समूह के पास, विद्यमान खराब मौसम के कारण असहाय 200 मछुवाही नौकाओं की सूचना दी तथा सहायता करने का अनुरोध किया। खोज एवं बचाव अभियान के लिए न्यू मंगलौर से भारतीय तटरक्षक पोत एनीबीसेन्ट को सामग्री सहित रवाना किया गया। नियमित कमान अफसर के अवकाश पर होने की स्थिति में पोत को तुरन्त उपकमांडेंट सुजीत द्विवेदी (0448-क्यू) की कमान के अंतर्गत रवाना किया गया। अफसर ने पोत के सभी कार्मिकों को विनिर्देशित किया तथा खोज एवं बचाव मिशन के महत्व तथा सिविल प्रशासन और मछुवारा समुदाय की तटरक्षक के प्रति अपेक्षाओं के बारे में समझाया। 29 मई 2006 को पोत अभिहित क्षेत्र में पहुंचा तथा सैन्ट मैरी द्वीप समूह के आस-पास के क्षेत्र की जांच की। इस कार्रवाई में पोत के साथ दो व्यावसायिक पोत जिन्हें इसी उद्देश्य के लिए महानिदेशक पोत-परिवहन के आदेश से भेजा गया था, भी शामिल हो गये।

3. खोज के दौरान माल्पे पत्तन नियंत्रण ने पोत को माल्पे के पास छः मछुवारों सहित लंगरगाही की मछुवाही पोत ''अनुपमा'', जोकि इंजन के पूरी तरह खराब हो जाने के कारण पिछले दो दिनों से लंगर डाले हुए था, के बारे में सूचित किया। अफसर ने मछुवाही नौका की ओर पोत के फोक्सल से गोफिया रस्सी से बाँध कर दो रक्षा बोया को पानी में उतारने का निर्णय लिया। पोत के इंजनो को मानवित रूप से संचालित किया गया, ताकि नौका से सुरक्षित दूरी बनी रहे तथा समुद्र के भारी उठाव तथा तेज हवाओं के कारण पोत के नौका से टकराने को भी रोका जा सके। दो मछुवारे तैराकी नहीं जानते थे, इसलिए समुद्र में कूद कर उनके पीछे लगे रहना मुश्किल था। तब अफसर ने गैर-तैराकों को तिराने तथा खींच कर लाने के लिए नौका मछुवाही जाल को इस्तेमाल करने का फैसला किया। दूसरे मछुवारों को कूदकर ठीक प्रकार से रक्षा बोया को पकड़े रखने की सलाह दी गयी। तदुपरात, उनको एक-एक करके पोत की ओर मानवित रूप से खींचा गया, जहां पर सभी छः मछुवारों को सुरक्षित रूप से पोत पर चढ़ाया गया।

4. उपकमांडेंट सुजीत द्विवेदी (0448-क्यू) ने अनुकरणीय बहादुरी, कर्तव्यनिष्ठा तथा परिपक्व परिदृश्य को प्रदर्शित किया जिसके परिणामस्वरूप समुद्र में 10 बहुमूल्य जीवनों का बचाव किया गया। अफसर ने भारतीय तटरक्षक की उच्च परंपराओं तथा इसके आदर्श वाक्य 'वयं रक्षाम'' (हम रक्षा करते हैं) को बनाये रखा है। इनके द्वारा की गई कार्रवाई से भारतीय तटरक्षक को असीम प्रशंसाएं प्राप्त हुई। उपकमांडेंट सुजीत द्विवेदी (0448-क्यू) को तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

5. तटरक्षक पदक प्रदान करने से संबद्ध नियम 11(i) के तहत् तटरक्षक पदक प्रदान किया जाता है तथा बाद में तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को नियम 13 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी देय है।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 9-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस 2006 के अवसर पर मन्दीप सिंह, प्रधान नाविक (वायु कर्मी)(02267-एच) को शौर्य प्रदर्शन के लिए तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

मन्दीप सिंह, प्रधान नाविक (वायु कर्मी)(02267-एच) ने 03 जनवरी 1991 से भारतीय तटरक्षक में सेवा आरम्भ की तथा पिछले 15 वर्षों के दौरान इन्होंने दोनों प्रकार की, तिरती तथा तटीय यूनिटों में सेवा की। 07 मई 2001 को इन्होंने तटरक्षक वायु स्टेशन, दमन में कार्यारम्भ किया तथा वह एक अर्हता प्राप्त उन्नत मोटर परिवहन चालक हैं। मन्दीप सिंह, प्रधान नाविक (वायु कर्मी)(02267-एच) को वायु स्टेशन के प्रभारी सुरक्षा सेवाएं तथा वायु यातायात नियंत्रक प्रभारी के कार्य सौंपे गए हैं।

2. 28 फरवरी 2006 को तटरक्षक वायु स्टेशन, दमन को स्थानीय पुलिस ने दूरभाष के माध्यम से दमन के मारूति पेट्रो कैमिकल्स के गोदाम में लगी भीषण आग बुझाने के लिए सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। प्रथम दृष्टया पता चला कि टैंकर भार उतारने के लिए कैमिकल्स गोदाम के नजदीक खड़ा था तथा ड्रमों में औद्योगिक रासायनिक पदार्थ भरा था, जिसके कारण उसे आग लग गई थी।

3. स्थिति को देखते हुए वायु स्टेशन ने तुरन्त प्रतिक्रिया की तथा मन्दीप सिंह, प्रधान नाविक (वायु कर्मी)(02267-एच) के नेतृत्व के अंतर्गत सहायता उपलब्ध कराने के लिए फायर टेण्डरों को रवाना किया गया। मौके पर पहुंचते ही, इन्होंने स्थिति का मूल्यांकन किया तथा पाया कि यह एक तेल की आग थी। तेल के टैंकर के फटने से गोदाम में आग भड़क गयी थी। अत्यंत ज्वलनशील रसायनों से भरे कंटेनर तेजी से उर्ध्वाधर रूप से फैलने लगे थे तथा जोकि बाद में नजदीकी अन्य औद्योगिक यूनिटों को गंभीर खतरा साबित हो सकता था। दल का नेतृत्व करते हुए प्रधान नाविक ने स्थिति को नियंत्रण में संभाला तथा सिविल फायर टेण्डरों का उपयोग करते हुए अभियान को एक अत्यंत व्यावसायिक तरीके से समन्वित किया। अभियान 4-5 घंटे तक चला तथा टीम लीडर के रूप में स्वयं रक्षा दस्तों के साथ अभिनाल को पकड़े बिना थके आग से जूझते हुए अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना तथा अत्यधिक तापमान में जीवन जोखिम को देखे बिना, आग में घुसकर अनुकरणीय उत्साह तथा अधिनिर्णय कार्य को निष्पादित करने में आत्मसमर्पण की भावना को प्रदर्शित किया। अंत में आग बुझाई गयी। प्रधान नाविक द्वारा किए गए दुस्साहसी कार्य ने कारखानों को जानमाल के असीम नुकसान से बचाया बल्कि भारतीय तटरक्षक संगठन को प्रसिद्धि भी दिलाई है।

4. मन्दीप सिंह, प्रधान नाविक (वायु कर्मी)(02267-एच) द्वारा प्रदर्शित उत्साह, समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा तथा स्वयं आगे आकर कार्य करने की विशेषता को स्थानीय प्राधिकारियों, समाचारपत्रों तथा टीवी चैनलों द्वारा विशेष रूप से सराहा गया तथा फलस्वरूप भारतीय तटरक्षक को प्रशंसा मिली। मन्दीप सिंह, प्रधान नाविक (वायु कर्मी)(02267-एच) को तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान की जाती है।

5. तटरक्षक पदक प्रदान करने से संबद्ध नियम 11(i) के तहत् तटरक्षक पदक प्रदान किया जाता है तथा बाद में तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को नियम 13 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी देय है।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 10-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस 2006 के अवसर पर निम्नलिखित अफसर को उनकी विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं :--

महानिरीक्षक ए राजशेखर, टी एम (0008-क्यू)

2. राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक (विशिष्ट सेवा) प्रदान करने से संबद्ध नियम 4(iv) के तहत् राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक (विशिष्ट सेवा) प्रदान किया जाता है।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 11-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस 2006 के अवसर पर निम्नलिखित अफसरों को सराहनीय सेवा के लिए तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं :--

(क) उपमहानिरीक्षक एस के गोयल (5001-पी)

(ख) कमांडेंट विवेक वाजपेयी (4016-सी)

(ग) वी राधाकृष्णन, प्रधान अधिकारी (आर ओ)(01100-जेड)

2. तटरक्षक पदक (सराहनीय सेवा) प्रदान करने से संबद्ध नियम 11(ii) के तहत् तटरक्षक पदक (सराहनीय सेवा) प्रदान किया जाता है।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 12-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस 2007 के अवसर पर कमांडेंट गन्टी महापात्रा श्रीनिवास, टी एम (0205-पी) को शौर्य प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

कमांडेंट गन्टी महापात्रा श्रीनिवास, टी एम (0205-पी), तटरक्षक पदक ने 11 अप्रैल 2006 को भारतीय तटरक्षक वायु स्टेशन दमन के नियंत्रणाधीन, 841 स्क्वाड्रन (तटरक्षक) की कमान संभाली। अफसर, चेतक तथा ध्रुव हेलिकॉप्टरों पर 2635 घंटों की दुर्घटना/घटना रहित उड़ान के साथ एक प्रवीण पायलट हैं तथा तटरक्षक के प्रथम अर्हताप्राप्त उड़ान अनुदेशक हैं।

2. 08 अगस्त 2006 को, निरन्तर बरसात होने तथा ताप्ती नदी के सूरत नगर के ऊपर बहने के कारण सूरत नगर में सैलाब के आने की सूचना प्राप्त हुई। स्थिति का जायजा लेने तथा खोज एवं बचाव अभियानों में सहायता देने के लिए अफसर को वायु स्टेशन दमन से चेतक हेलिकॉप्टर का कार्यभार सौंपा गया। अफसर ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में सर्वेक्षण के दौरान, निचले घरों की छतों पर कमर तक पानी में डूबे 05 लोगों को ढूंढ निकाला, जोकि बाढ़ में बह जाने के डर से भयंकर तरीके से एक रस्सी को पकड़े हुए थे। अफसर ने स्थिति का तुरन्त मूल्यांकन कर उनको बचाने का निर्णय लिया। एक

वायुकर्मी गोताखोर को उतारा गया तथा सभी 05 लोगों को ऊपर खींच कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। अभियान के दौरान अफसर ने प्रतिबंधित क्षेत्र में संक्रिया करने के दौरान तेज सतही हवाओं तथा प्रतिकूल मौसम की परिस्थिति में हेलिकॉप्टर पर निपुण नियंत्रण का प्रदर्शन किया। तद्नुपरांत, तीनों सेनाओं द्वारा अतिरिक्त राहत कार्य शुरू किया गया, जिसमें 30 से भी अधिक हेलिकॉप्टरों द्वारा विस्तृत बाढ़ राहत अभियान चलाया गया। इनकी कमान के अंतर्गत तीन तटरक्षक चेतक हेलिकॉप्टरों को छः दिनों के लिए दिन निकलने से दिन छिपने तक बाढ़ राहत अभियानों के लिए तैनात किया गया।

3. 15 अगस्त 2006 तक राहत तथा बचाव कार्य करने के दौरान, स्क्वाड्रन ने सूरत शहर में 100 से अधिक उड़ानें भरीं तथा लगभग 11 टन राहत सामग्री गिराई एवं 15 जानें बचाईं। सूरत की असहाय जनता को अत्यावश्यक भोजन, पेयजल तथा चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए अफसर ने अपनी यूनिट को आगे आकर प्रोत्साहित किया तथा उसका नेतृत्व किया।

4. 11 अगस्त 2006 को सूरत के बेस संक्रिया केन्द्र ने अफसर को, ताप्ती नदी के मध्य में हाईटेंशन केबल की जाली के सिरे में कुछ लोगों के फंसे होने की सूचना दी। तथापि, अन्य सेवा का कोई हेलिकॉप्टर उनका बचाव करने में सक्षम नहीं था। अफसर ने मस्तूल तथा रोटराग्र (रोटर टिप) के मध्य केवल 3 फुट की दूरी रखते हुए तथा हाई टेंशन केबल के सीधे नीचे हेलिकॉप्टर को मस्तूल की जाली के नजदीक संभाले रखा। बचाव के दौरान केबल में हाई वोल्टेज करंट प्रवाहित था। इनके साहसपूर्ण कार्य ने उत्तरजीवियों के बहुमूल्य प्राणों को बचाने में सहायता की। इस साहसिक अभियान में 02 महिलाओं तथा 03 बच्चों सहित कुल 07 लोगों की जान बचायी गयी। बचाये गए लोगों को तुरन्त चिकित्सा सहायता के लिए सूरत एयरफील्ड ले जाया गया।

5. कमांडेंट जी एम श्रीनिवास, टी एम (0205-पी) द्वारा प्रदर्शित अनुकरणीय साहस, सर्वोच्च समन्वय तथा प्रशंसनीय उड़ान कौशल के परिणामस्वरूप, सूरत में प्रतिकूल मौसम की परिस्थितियों में सात लोगों की जान बचायी गयी। उन्होंने सेवा की उच्च परंपराओं तथा इसके आदर्श वाक्य ''वयं रक्षाम'' को बनाए रखा। कमांडेंट जी एम श्रीनिवास, टी एम (0205-पी) की ध्यानाकर्षी बहादुरी, कर्तव्यनिष्ठा के लिए इन्हें राष्ट्रपति तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

6. तटरक्षक पदक प्रदान करने से संबद्ध नियम 4(ii) के तहत् तटरक्षक पदक प्रदान किया जाता है तथा बाद में तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी देय है।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 13-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस 2007 के अवसर पर राजेश कुमार, प्रधान नाविक (क्यू ए)(02413-पी) को शौर्य प्रदर्शन के लिए तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

राजेश कुमार, प्रधान नाविक (क्यू ए) वायुकर्मी गोताखोर (02413-पी) एक अत्यंत अनुभवी वायुकर्मी गोताखोर है जिसके पास 1086 घंटों की मात्रा व प्रमात्रा का विस्तृत उड़ान अनुभव है। वे एक वास्तविक व्यवसायी, जिन्होंने सेवा के दौरान बहुत सी विभिन्न साहसिक अभियानों में भागीदारी की है तथा बहुत से प्राणों की रक्षा की है।

2. 11 जून 2005 को, पोर्टब्लेयर से हैवलॉक को मार्गस्त, 02 कर्मियों सहित एक छोटी नौका के लापता होने की सूचना मिली। लापता नौका तथा कर्मियों का पता लगाने के लिए तुरन्त खोज एवं बचाव करने के लिए एक एयरक्राफ्ट रवाना किया गया। मिशन के लिए राजेश कुमार, प्रधान/नाविक (क्यू ए) को वायुकर्मी गोताखोर एवं विंच चालक का कार्यभार सौंपा गया। भारी वर्षा तथा खराब दृश्यता के कारण खोज अभियान की परिस्थितियां अनुकूल नहीं थी। चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में व्यापक खोज के उपरांत, इन्होंने हैवलॉक द्वीप के पश्चिमी ओर नौका को ढूंढ लिया। नौका इस प्रकार से धंसी थी कि किसी व्यक्ति को वहाँ से ऊपर खींचना (विंचिंग) मुश्किल था। ऐसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में वायुकर्मी गोताखोर राजेश कुमार आगे बढ़े तथा पायलट के हेलिकॉप्टर को

उत्तरजीवी के ठीक ऊपर ले जाने का सुझाव दिया। राजेश कुमार ने पहले उत्तरजीवी, जोकि खराब समुद्र की स्थिति के कारण बुरी तरह से डोल रहा था, को ऊपर उठा लिया।

3. जल्द ही इन्होंने दूसरे उत्तरजीवी, जोकि नजदीक ही घने पत्तों के समूह में धंसा था, को ऊपर खींच लिया, इसके लिए इन्होंने कुशल कर्मी के रूप में पायलट को एयरक्रॉफ्ट को पेड़ों से दूर सुरक्षित दूरी पर रखने को कहा तथा उसी समय उत्तरजीवी जोकि एयरक्रॉफ्ट के सीधे नीचे नहीं था, के ऊपर बचाव रस्सी तक पहुंचने के लिए युक्तिचालन किया। राजेश कुमार की लगन तथा समर्पण से यह मुश्किल अभियान सफल हो सका तथा इनकी प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप दो प्राणों को बचाया जा सका।

4. इसके अतिरिक्त, 30 अप्रैल 2006 को नियमित उड़ान के दौरान वायुयान तटरक्षक 803 के कर्मियों ने म्यांमारी नौका सहित अनाधिकृत मछुवारों को देखा यद्यपि, उस समय हेलिकॉप्टर पर कोई बंदूक नहीं थी तथा शस्त्र विहीन होते हुए भी राजेश कुमार ने एक मछुवारे को गिरफ्तार कर लिया। राजेश कुमार ने अपनी ड्यूटियां दृढ़ निश्चय के साथ निष्पादित कीं तथा विभिन्न खोज एवं बचाव, अवैध मत्स्य शिकार विरोधी अभियानों में अहम भूमिका निभाई।

5. राजेश कुमार, प्रधान नाविक (क्यू ए) (02413-पी) ने अनुकरणीय साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा को प्रदर्शित किया जिसके परिणामस्वरूप प्रतिकूल मौसमी परिस्थिति में संकटग्रस्त नौका से दो लोगों को बचाया जा सका। इन्होंने सेवा की उच्च परंपराओं तथा इसके आदर्श वाक्य ''वयं रक्षाम'' को बनाये रखा। राजेश कुमार, प्रधान नाविक (क्यू ए) (02413-पी) को तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

6. तटरक्षक पदक प्रदान करने से संबद्ध नियम 11(i) के तहत् तटरक्षक पदक प्रदान किया जाता है तथा बाद में तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को नियम 13 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी देय है।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 14-प्रेज/2010-राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस 2007 के अवसर पर राजीव कुमार यादव, उत्तम नाविक (04379-एच) को शौर्य प्रदर्शन के लिए तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

राजीव कुमार यादव, उत्तम नाविक (आर ओ), वायु कर्मी गोताखोर (ए सी डी), (04379-एच) को वायुकर्मी गोताखोर कोर्स में अर्हता प्राप्त करने के उपरांत, 841 स्क्वाड्रन (तटरक्षक) में नियुक्त किया गया। स्क्वाड्रन में तैनाती से ही इन्होंने स्क्वाड्रन द्वारा निष्पादित किए गये सभी अभियानों में सक्रिय रूप से भागीदारी की तथा उत्कृष्ट कार्य किया।

2. 11 अगस्त 2006 को, संक्रिया बेस सूरत एयर फील्ड द्वारा तटरक्षक हेलिकॉप्टर 806 को ताप्ती नदी में बाढ़ आने के कारण हाई टेंशन बिजली की तारों के नीचे सीमेंट प्लेटफार्म के पास फंसे कुछ संकटग्रस्त लोगों की खोज एवं बचाव करने का कार्यभार सौंपा गया। इन संकटग्रस्त सिविलियनों को ढूंढने पर यह देखा गया कि सीमेंट प्लेटफार्म नदी के बीच में था तथा वहां पानी का बहाव बहुत तेज था। तेज सतही हवाओं, बारिश, पानी के तेज प्रवाह तथा मस्तूल पर तारों में हाई वोल्टेज की बिजली आपूर्ति के कारण हेलिकॉप्टर को नजदीक से चालन करना बहुत मुश्किल था। राजीव कुमार यादव, उत्तम नाविक को नदी के तेज प्रवाही जल में विंच से उतारा गया, जबकि हेलिकॉप्टर चालू बिजली की तारों के पास मंडरा रहा था तथा उसके रोटराग्र (रोटर डिस्क) मस्तूल से कुछ फुट की दूरी पर थे। उसने संकटग्रस्त सिविलियनों के पास पहुंच कर, सभी को एक-एक करके तीन बच्चों, दो महिलाओं तथा दो आदमियों को ऊपर खींचा। बाद में उन्हें सूरत एयरफील्ड ले जाया गया, जहां उनको आवश्यक चिकित्सा सहायता दी गयी।

3. राजीव कुमार यादव, उत्तम नाविक ने बाढ़ राहत अभियान में हेलिकॉप्टर से संकटग्रस्त सिविलियनों के घरों की छतों पर छः दिन तक दिन निकलने से दिन छिपने तक, राहत सामग्री गिराने में भी भागीदारी की।

4. राजीव कुमार यादव, उत्तम नाविक (वायुकर्मी गोताखोर), (04379-एच) ने प्रतिकूल मौसमी परिस्थिति में अनुकरणीय उत्साह को प्रदर्शित किया, जिसके फलस्वरूप सूरत के असहाय शहर से सात लोगों को बचाया गया। ड्यूटी के लिए इनके समर्पण तथा व्यावसायिक सक्षमता ने सेवा की उच्च परंपराओं को बनाये रखा है। राजीव कुमार यादव, उत्तम नाविक (वायुकर्मी गोताखोर), (04379-एच) को तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

5. तटरक्षक पदक प्रदान करने से संबद्ध नियम 11(i) के तहत् तटरक्षक पदक प्रदान किया जाता है तथा बाद में तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को नियम 13 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी देय है।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 15-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस 2007 के अवसर पर निम्नलिखित अफसरों को सराहनीय सेवा के लिए तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं :--

(क) कमांडेंट संजय आर्यवीर (0236-एल)

(ख) प्रदीप कुमार, अधिकारी (आरपी) (00991-एच)

(ग) वी सुनील कुमार, सहायक इंजीनियर (एसडब्ल्यू) (07396-पी)

2. तटरक्षक पदक (सराहनीय सेवा) प्रदान करने से संबद्ध नियम 11(ii) के तहत् तटरक्षक पदक (सराहनीय सेवा) प्रदान किया जाता है।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 16-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस 2007 के अवसर पर उप कमांडेंट अमीत सतीश कोरगांवकर (0567-एम) को शौर्य प्रदर्शन के लिए तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

उप कमांडेंट अमीत सतीश कोरगांवकर (0567-एम) ने 03 जनवरी 2005 को भारतीय तटरक्षक में सेवा आरम्भ की तथा 30 मार्च, 2000 को भारतीय तटरक्षक पोत वज्र की फ्लाईट का कार्यभार ग्रहण किया। अफसर चेतक एयरक्रॉफ्ट का अर्हक पायलट है तथा इन्होंने संक्रियात्मक उड़ान की 850 घंटों से भी अधिक का संचालन किया है।

2. 17 मार्च, 2007 को, उप कमांडेंट अमीत सतीश कोरगांवकर को वायुयान तटरक्षक-814 के पायलट-इन-कमान के रूप में नियुक्त किया गया तथा उसे हताहत पुलिस कर्मियों, जोकि पूर्वी गोदावरी जिला, आंध्र प्रदेश के सिंगानाकोटा जंगल के नजदीक गहन जांच अभियान करने के दौरान उग्रवादियों द्वारा बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से गंभीर रूप से घायल हो गये थे, की निकासी करने का कार्यभार सौंपा गया। यह गहन जंगल तथा उग्रवादियों की गतिविधियों वाला अप्रीतिकर भू-भाग था । बड़ी मुश्किल से जंगल में आग के पास शरणागत अवस्था में गहन पेड़ों में ढूंढ निकाला गया। क्षेत्र के चारों ओर उग्रवादी थे, जोकि लगातार गोलीबारी कर रहे थे।

3. उप कमांडेंट अमीत सतीश कोरगांवकर ने वायुयान का उसकी आखिरी सीमा तक संचालन किया। क्षेत्र में उग्रवादियों द्वारा भारी गोलीबारी के बीच हताहत को ऊपर खींचा गया। हताहतों को विशाखापट्टनम ले जाया गया जहां उसे तत्काल चिकित्सा सहायता के लिए पुलिस प्राधिकारियों के हवाले कर दिया गया।

4. अमूल्य जीवन को बचाने में अनुकरणीय व्यावसायिकता, स्थिर आत्मनियंत्रण तथा खतरे के सामने कर्त्तव्य निष्पादन करने का अध्यवसाय तथा साथ ही एयरक्रॉफ्ट तथा कर्मियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करना, अत्यंत सराहनीय है। तत्पर बुद्धि, व्यावसायिक निपुणता, बहादुरी तथा अत्यंत प्रतिकूल परिस्थितियों में कार्य निष्पादित करने का दुर्लभ उत्साह तथा एक बहुमूल्य जीवन को बचाना भारतीय तटरक्षक सेवा की उच्च परंपराओं के अनुकूल है। उप कमांडेंट अमीत सतीश कोरगांवकर (0567-एम) ने खुद इसे प्रमाणित किया है इसलिए इन्हें तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

5. तटरक्षक पदक प्रदान करने से संबद्ध नियम 11(i) के तहत् तटरक्षक पदक प्रदान किया जाता है तथा बाद में तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को नियम 13 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी देय है।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 17-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस 2007 के अवसर पर भागबन पाढियारी, प्रधान नाविक (वायु वैधुत) (02153-टी) को शौर्य प्रदर्शन के लिए तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

भागबन पाढियारी, प्रधान नाविक (वायु वैधुत), 02153-टी ने 06 जुलाई 1990 में भारतीय तटरक्षक में सेवा शुरू की तथा 12 अक्तूबर 1996 को अपना पोत गोताखोरी पाठयक्रम पूर्ण किया।

2. 22 जनवरी 2007 को बंगाल की खाड़ी में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के उपग्रह रिकवरी उपकरण कैप्सूल के लिए इस नाविक ने सर्वप्रथम गोता लगाया था।

3. भागबन पाढियारी, प्रधान नाविक (वायु वैधुत) ने अंतरिक्षयान के मिंडकाय पर चार छिद्रों को बंद किया, तत्पश्चात् कैप्सूल का जलाधीन वीडियो लिया। नाविक (वायु वैधुत) ने समुद्रजल में अपने शरीर को अनावृत्त करके सभी जोखिम उठाये, जिनमें कैप्सूल से बारूद का संभवत: रिसाव होने के कारण विषाक्तता का जोखिम संलिप्त था। इन्होंने लम्बे समय तक पानी में रहकर अंतरिक्षयान की रूपरेखा को खींचने में कड़ी मेहनत की, जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग को आगामी विश्लेषण के लिए विशेषज्ञों के सुपुर्द कर दिया तथा कैप्सूल बरामद की अगली कार्रवाई शुरू की। भागबन पाढियारी, प्रधान नाविक (वायु वैधुत) ने पुन: एक बार फिर अपने आपको एस-आई-ई कैप्सूल को खिंचाई के लिए तैयार करने में लिप्त कर लिया।

4. भागबन पाढियारी, प्रधान नाविक (वायु वैधुत) एक कुशल तकनीकी व्यावसायी तथा गोताखोर हैं, जिन्होंने अनुकरणीय उत्साह, कर्तव्यनिष्ठा, उत्कृष्ठ आत्मविश्वास, अप्वादात्मक कौशल तथा साहस का प्रदर्शन किया। नाविक द्वारा एकल रूप से वीडियोग्रॉफी डेटा का संकलन करना भविष्य में भी अंतरिक्ष अभियानों के लिए लाभकर सिद्ध होगा। भागबन पाढियारी, प्रधान नाविक (वायु वैधुत), 02153-टी को एतद्द्वारा तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

5. तटरक्षक पदक प्रदान करने से संबद्ध नियम 11(i) के तहत् तटरक्षक पदक प्रदान किया जाता है तथा बाद में तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को नियम 13 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी देय है।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 18-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस 2007 के अवसर पर निम्नलिखित अफसर को उनकी विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं:--

महानिरीक्षक राजेन्द्र सिंह, टी एम (0019-क्यू)

2. राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक (विशिष्ट सेवा) प्रदान करने से संबद्ध नियम 4(iv) के तहत् राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक (विशिष्ट सेवा) प्रदान किया जाता है।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 19-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस 2007 के अवसर पर निम्नलिखित अफसरों को सराहनीय सेवा के लिए तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं:--

(क) उपमहानिरीक्षक कुंवरपाल सिंह रघुवंशी (0095-पी)

(ख) संकरनारायण रमन, प्रधान अधिकारी (क्यू ए) (00273-डब्ल्यू)

2. तटरक्षक पदक (सराहनीय सेवा) प्रदान करने से संबद्ध नियम 11(ii) के तहत् तटरक्षक पदक (सराहनीय सेवा) प्रदान किया जाता है।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 20-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस 2008 के अवसर पर कमांडेंट (क.श्रे.) नरेन्द्र सिंह (0404-क्यू) को शौर्य प्रदर्शन के लिए तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

कमांडेंट (क.श्रे.) नरेन्द्र सिंह (0404-क्यू) ने 28 मई 2007 को उड़ान कमांडर के तौर पर तटरक्षक पोत 'वीर' में सेवा आरंभ की। कमांडेंट (क.श्रे) नरेन्द्र सिंह ने गहरे समुद्र में प्रतिकूल मौसमी स्थिति में 13 मछुवारों को डूबने से बचाया है।

2. 05 सितम्बर 2007 को तटरक्षक जिला मुख्यालय-4 ने भारतीय तटरक्षक पोत 'वीर' को निर्देशित किया कि असहाय मछुवारों की खोज एवं बचाव के लिए हेलिकॉप्टर तैनात करें। ये मछुवारे गत रात खराब समुद्री मौसम में फसने के कारण अलीपी तट पर जीवन के लिए संघर्ष कर रहे थे। वहां पर लगातार बारिश हो रही थी तथा चक्रवाती हवाओं के कारण दूर-दूर तक कुछ दिखाई नहीं दे रहा था, कमांडेंट (क.श्रे.) नरेन्द्र सिंह ने वायुयान के कैप्टन की हैसियत से मुश्किल तथा असहाय मौसमी स्थितियों के बावजूद अभियान शुरू किया। 30 मिनट की खोज के बाद, 30 समुद्री मील की गति से चल रही समुद्री हवाओं के बीच उन्होंने मछुवारों को ढूंढ कर एक-एक करके बचा लिया।

3. अफसर ने एक बार फिर खराब मौसम में ही तुरन्त ईंधन भरने के बाद दो और मछुवारों को ऊपर उठा कर तट पर सुरक्षित कर दिया। खोज का काम फिर शुरू किया गया और पाँच और मछुवारों को ढूंढ लिया गया तथा उन्हें नजदीकी ट्रॉलर में चढ़ा लिया गया।

4. कमांडेंट (क.श्रे.) नरेन्द्र सिंह ने ऐसी प्रतिकूल मौसमी हालातों में अनुकरणीय साहस दिखाया तथा 13 मछुवारों को मौत के मुंह से बचा लिया। कमांडेंट (क.श्रे.) नरेन्द्र सिंह को तटरक्षक पदक (बहादुरी) प्रदान किया जाता है।

5. तटरक्षक पदक प्रदान करने से संबद्ध नियम 11(i) के तहत् तटरक्षक पदक प्रदान किया जाता है तथा बाद में तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को नियम 13 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी देय है।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 21-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस 2008 के अवसर पर निम्नलिखित अफसरों को सराहनीय सेवा के लिए तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं:--

(क) कमांडेंट नरेन्द्र कुमार (4020-एल)

(ख) उन्निकृष्णन शंकर, सहायक इंजीनियर (ई आर) (07292-वाई)

2. तटरक्षक पदक (सराहनीय सेवा) प्रदान करने से संबद्ध नियम 11(ii) के तहत् तटरक्षक पदक (सराहनीय सेवा) प्रदान किया जाता है।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 22-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस 2008 के अवसर पर सहायक कमांडेंट सिद्धार्थ भंडारी (0610-एल) को शौर्य प्रदर्शन के लिए तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

सहायक कमांडेंट सिद्धार्थ भंडारी (0610-एल) ने 11 जनवरी 2003 को भारतीय तटरक्षक में सेवा आरंभ की। वर्तमान में, अफसर तटरक्षक वायु स्टेशन दमन में तैनात है।

2. 22 सितम्बर 2007 को स्क्वाड्रन को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा के साथ पश्चिमी समुद्री तट पर 05 घंटों की समुद्री हवाई टोह का कार्य सौंपा गया। पिछले कई दिनों से मौसम खराब चल रहा था, इसलिए लगभग 20 सार्टीज रद्द करनी पड़ी। पायलट को 40 कि.मी./प्रति घंटा की प्रबल समुद्री हवाओं के साथ भारी बारिश का सामना करना पड़ा तथा वापसी में हवाई पट्टी पर कुछ भी नजर नहीं आ रहा था।

3. अंततः, आपातकालीन स्थिति में उतरनें के दौरान वायुयान का वातरक्षी पोंछा (वाइपर) काम नहीं कर रहा था। वायुयान का दायां इंजन भी खराब हो गया था। ऐसी स्थिति में पायलट को हवाई पट्टी का दिखना उसके अनुमान पर ही आधारित था। अचानक ही वायुयान तुंगता की असामान्य क्षति के साथ दाईं ओर मार्गच्युत हो गया। दो सेकंड में ही वायुयान क्षतिग्रस्त हो सकता था। अफसर ने अपने ऊपर धैर्य बनाए रखा और वायुयान के आगे के हिस्से को सीध में रखते हुए नियंत्रित स्थिति में उतारा। जैसे ही वायुयान जमीन पर उतरा, वायुयान दांहिनी ओर खिंचने लगा। अफसर ने बड़ी निपुणता से वायुयान को भीगी हवाई पट्टी तथा तेज हवाओं के बीच सुरक्षित रुकने की स्थिति में किया। वायुयान को बायें इंजन से उतार कर आगे बढ़ाना तथा दाएं इंजन का पीछे धकेलना रोमांचक तथा कभी-कभार ही होता है और वैमानिकी के इतिहास में कभी नहीं सुना गया था।

4. सहायक कमांडेंट सिद्धार्थ भंडारी (0610-एल) ने अपनी जान पर खेल कर आकस्मिक स्थितियों में वायुयान को बचाया है, फलस्वरूप उन्हें तटरक्षक पदक (बहादुरी) प्रदान किया जाता है।

5. तटरक्षक पदक प्रदान करने से संबद्ध नियम 11(i) के तहत् तटरक्षक पदक प्रदान किया जाता है तथा बाद में तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को नियम 13 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी देय है।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 23-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस 2008 के अवसर पर रोशन सिंह पाल, उत्तम अधिकारी (रडार प्लोटर) (00782-एच) को शौर्य प्रदर्शन के लिए तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

रोशन सिंह पाल, उत्तम अधिकारी (रडार प्लोटर) (00782-एच) ने 03 जनवरी 1986 को तटरक्षक में सेवा शुरू की थी और वर्तमान समय में मण्डपम में अंतर्रोधी क्राफ्ट के स्किपर के तौर पर कार्यरत हैं।

2. 02 मार्च 2008 को स्टेशन को आसूचना मिली कि श्रीलंका के लिए निषिद्ध माल/बारूद की तस्करी होने की संभावना है। रोशन सिंह पाल, अधीनस्थ अफसर को आपरेशन चलाने का निदेश दिया गया।

3. उन्होंने, समुद्र में भयावह अंधेरी रात में 05 घंटे तक गहन खोज की और अंततः लौटते हुए एक संदिग्ध नौका को देखा। तटरक्षक की मौजूदगी का अहसास होते ही संदिग्ध नौका, जिसमें हथियार/विस्फोटक लदा था, ने अपना रुख बदलते हुए उथले पानी की ओर भागना शुरू किया। उन्होंने मछुवाही नौका को मन्नार की खाड़ी में मुसालतिवू के तटों की ओर जाने को मजबूर किया। अधीनस्थ अफसर को अपनी नौका की सुरक्षा की जानकारी थी, इसलिए वे आगे नहीं बढ़े। उन्होंने और बल आने तक नौका पर नजर बनाए रखी। तटरक्षक होवरक्राफ्ट-183 (एच-183) सहायता के लिए पहुंचा। इस नौका को 67 पैकेटों, जिनमें कि 50,000 से अधिक ड्राई सेल थे, के साथ छोड़ दिया गया था, जिसे बाद में पकड़ लिया गया। रोशन सिंह पाल, उत्तम अधिकारी (रडार प्लोटर) (00782-एच) की सूचना के आधार पर मुख्य अभियुक्त को किलाकराई से राज्य आसूचना ब्यूरो द्वारा गिरफ्तार कर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत् मामला दर्ज कर लिया गया। बाद में यह पता चला कि ड्राई सेलों की खेप एलटीटीई को सौंपी जानी थी।

4. रोशन सिंह पाल, उत्तम अधिकारी (रडार प्लोटर) (00782-एच) ने अपने अमूल्य योगदान से विश्वास हासिल किया है, इसलिए उन्हें तटरक्षक पदक (बहादुरी) प्रदान किया जाता है।

5. तटरक्षक पदक प्रदान करने से संबद्ध नियम 11(i) के तहत् तटरक्षक पदक प्रदान किया जाता है तथा बाद में तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को नियम 13 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी देय है।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 24-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस 2008 के अवसर पर निम्नलिखित अफसर को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं :--

महानिरीक्षक सत्य प्रकाश शर्मा, टी एम (0023-सी)

2. राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक (विशिष्ट सेवा) प्रदान करने से संबद्ध नियम 4(iv) के तहत् राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक (विशिष्ट सेवा) प्रदान किया जाता है।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 25-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस 2008 के अवसर पर निम्नलिखित अफसरों को सराहनीय सेवा के लिए तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं :--

(क) उपमहानिरीक्षक खजान चन्द्र पाण्डे (0072-एम)

(ख) मनजीत कुमार, अधिकारी (ए एल) (01204-क्यू)

2. तटरक्षक पदक (सराहनीय सेवा) प्रदान करने से संबद्ध नियम 11(ii) के तहत् तटरक्षक पदक (सराहनीय सेवा) प्रदान किया जाता है।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 26-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस 2009 के अवसर पर कमांडेंट (क. श्रे.) अशोक कुमार यादव (0333-ई) को शौर्य प्रदर्शन के लिए तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

कमांडेंट (क. श्रे.) अशोक कुमार यादव (0333-ई) ने 12 जुलाई 1992 को भारतीय तटरक्षक में सेवा आरंभ की।

2. 09 अप्रैल 2008 को कमांडेंट (क.श्रे.) अशोक कुमार यादव को मालवाहक पोत एम वी एक्सप्लोर से एक विदेशी नागरिक की चिकित्सा निकासी करने का उत्तरदायित्व सौंपा गया। निकासी किए जाने वाले व्यक्ति की उम्र 57 वर्ष थी, जो तीक्ष्ण प्रमस्तिष्क आघात से पीड़ित तथा आपात स्थिति में स्ट्रेचर पर पड़ा था। पोत पर कोई हेलिपैड अथवा उपयुक्त अवतरण स्थान न होने के कारण स्थिति और खराब हो चुकी थी। व्यावसायिक पोत मुंबई तट से 15 समुद्री मील की स्थिति में लंगर डाले हुए था, जहां एक इंजन वाले हेलिकॉप्टर को तेज चक्रवाती हवाओं में उड़ाना जोखिमपूर्ण था। पोत आड़े रस्से के साथ कंटेनरों से पूर्णत: लदा हुआ था तथा बहिर्लम्ब लोहे की ब्लॉकों से केवल हेलिकॉप्टर के आकार का ही रिक्त स्थान बचा था। मस्तूल से बंधी रस्सी के कारण आधी घूर्णन पंख की भी जगह नहीं मिल पा रही थी। इस प्लेटफार्म पर अवतरण के लिए हेलिकॉप्टर को बहिर्लम्ब लोहें के ब्लॉकों के बीच खाली जगह में हेलिकॉप्टर के पहियों को टिकाया जाना था। इस प्लेटफार्म पर हेलिकॉप्टर उतारना लगभग असंभव था।

3. कमांडेंट यादव ने हेलिकॉप्टर को उतारने के लिए दो अथवा तीन प्रयास किए। अन्तत: चौथे प्रयास में अफसर हेलिकॉप्टर को बायीं ओर किनारे पर ले गया तत्पश्चात् इन्होंने समय नष्ट किए बिना एक पल में हेलिकॉप्टर को नीचे उतार दिया। विमान के गोताखोरों ने पोत के कर्मियों को स्ट्रेचर में लाने के लिए निर्देशित किया। रोगी को विमान में चढ़ा कर हेलिकॉप्टर ने उड़ान भरी।

4. कमांडेंट (क.श्रे.) ए. के. यादव ने (0333-ई) ने स्वयं की व्यावसायिक कुशलता को बखूबी प्रमाणित किया है, इसलिए इन्हें तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

5. तटरक्षक पदक प्रदान करने से संबद्ध नियम 11(i) के तहत् तटरक्षक पदक प्रदान किया जाता है तथा बाद में तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को नियम 13 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी देय है।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 27-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, गणतंत्र दिवस 2009 के अवसर पर प्रदीप कुमार, उत्तम नाविक (ई एम पी)/(04893-डब्ल्यू) को शौर्य प्रदर्शन के लिए तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं।

प्रशस्ति उल्लेख

प्रदीप कुमार, उत्तम नाविक (ई एम पी)/(04893-डब्ल्यू) ने 16 मार्च 2007 को तटरक्षक पोत विवेक में कार्यभार ग्रहण किया।

2. अगस्त 2008 को, पोत को कृषि मंत्रालय के पोत एम वी स्कीपर-III को गोताखोरी सहायता देने का कार्यभार सौंपा गया। खराब मौसम के कारण पोत के अनियंत्रित सैलाब से ग्रस्त होने से उसके सभी 17 कर्मियों ने पोत को त्याग

दिया था, तटरक्षक पोत विवेक के उस क्षेत्र में पहुंचने पर खराब मौसम के कारण तथा श्रेष्ठ प्रयासों के बावजूद बोर्डिंग को रद्द करना पड़ा। अगले दिन 06:20 बजे दूसरा प्रयास किया गया। उफानी समुद्र तथा सशक्त हवाओं की स्थिति में पोत की नौका को उतारा गया। पी. कुमार, अपनी वैयक्तिक सुरक्षा की परवाह किए बिना और यह भली-भांति जानते हुए कि वह किसी भी समय डूब सकता है, पोत पर चढ़ गया। कुशल नाविक कला का उपयोग करते हुए पी. कुमार ने रस्सी को जोड़ा। बोर्डिंग पार्टी को दूसरी बार भेजा गया तथा पी. कुमार, उ. नाविक ने बहादुरी का प्रदर्शन किया और पुनः खिंचाव शुरू किया गया। दुर्भाग्यवश, श्रेष्ठ प्रयासों के बावजूद भी पोत डूब गया। उप निदेशक केंद्रीय मात्स्यिकी संस्थान, समुद्री एवं इंजीनियरिंग प्रशिक्षण यूनिट, विशाखापट्टनम (कृषि मंत्रालय), पोत का स्वामित्व वाले संगठन, ने अपने एक विशेष पत्र के जरिए तटरक्षक के शौर्यपूर्ण प्रयासों की प्रशंसा की है।

3. प्रदीप कुमार, उत्तम नाविक (ई एम पी)/(04893-डब्ल्यू) ने स्वयं के बखूबी प्रत्यायित किया है, इसलिए इन्हें तटरक्षक पदक (शौर्य) प्रदान किया जाता है।

4. तटरक्षक पदक प्रदान करने से संबद्ध नियम 11(i) के तहत् तटरक्षक पदक प्रदान किया जाता है तथा बाद में तटरक्षक पदक (शौर्य) प्राप्त करने वाले तटरक्षक कार्मिकों को नियम 13 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी देय है।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 28-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, स्वतंत्रता दिवस 2009 के अवसर पर निम्नलिखित अफसरों को सराहनीय सेवा के लिए तटरक्षक पदक प्रदान करती हैं :--

(क) उपमहानिरीक्षक महेन्द्र सिंह दांगी (0025-ई)

(ख) उपमहानिरीक्षक अशोक कुमार सिंह चौहान (0161-पी)

(ग) उपमहानिरीक्षक बिक्रम केशरी पाटसाहणी (0044-एक्स)

2. तटरक्षक पदक (सराहनीय सेवा) प्रदान करने से संबद्ध नियम 11(ii) के तहत् राष्ट्रपति का तटरक्षक पदक (सराहनीय सेवा) प्रदान किया जाता है।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय

विकास आयुक्त (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) का कार्यालय

नई दिल्ली, दिनांक 10 फरवरी 2010

सं. 1(17)/एसआईसीडीपी/क्लस्टर/टीएम/2006--केन्द्र सरकार ने सूक्ष्म एवं लघु उद्यम-क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) के दिशा-निर्देशों में संशोधनों का अनुमोदन प्रदान कर दिया है। यह योजना 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान 303.63 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय से कार्यान्वित की जाती रहेगी। योजना का उद्देश्य साफ्ट इंटरवेंशन (तकनीकी सहायता, क्षमता निर्माण, एक्सपोसर दौरों, बाजार विकास, विश्वास निर्माण, आदि), हार्ड इंटरवेंशन (परीक्षण, डिजाईन केन्द्र, उत्पादन केन्द्र, एफल्युऐन्ट ट्रीटमेंट प्लान्ट, प्रशिक्षण केन्द्र, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, कच्चा माल बैंक/बिक्री केन्द्र, उत्पाद प्रदर्शन केन्द्र, सूचना केन्द्र आदि हेतु सामान्य सुविधा केन्द्रों की स्थापना) तथा अवस्थापना विकास (भूमि का विकास, जल आपूर्ति की व्यवस्था, निकासी, विद्युत वितरण, सामान्य कैपटिव उपयोग हेतु ऊर्जा के गैर-परम्परागत स्त्रोतों, सड़कों का निर्माण,

प्राथमिक उपचार केन्द्र, कैन्टीन आदि जैसी सामान्य सुविधाओं आदि) द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता तथा उत्पादकता में वृद्धि करना है।

2. योजना का ब्यौरा तथा संशोधित दिशा-निर्देश विकास आयुक्त (सू.ल.म.उ.) का कार्यालय की वेबसाईट अर्थात् www.dcmsme.gov.in पर उपलब्ध है।

हुकुम सिंह मीणा
संयुक्त विकास आयुक्त

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय

नई दिल्ली-110510, दिनांक 24 फरवरी 2010

संकल्प

सं. ई-11014/1/2008-रा.भा. (कार्या.)--भारत सरकार ने पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का गठन किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। समिति में गैर सरकारी तथा सरकारी सदस्य होंगे और इसका गठन, संरचना एवं कार्य इस प्रकार होंगे :--

1.	पर्यावरण एवं वन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गैर सरकारी सदस्य	अध्यक्ष
2.	डॉ रघुवंश प्रसाद सिंह, संसद सदस्य (लोक सभा)	सदस्य
3.	श्री जे. एम. आरोन रशीद, संसद सदस्य (लोक सभा)	सदस्य
4.	श्री प्रदीप मांझी, संसद सदस्य (लोक सभा)	सदस्य
5.	श्री रविन्द्र कुमार पाण्डे, संसद सदस्य (लोक सभा)	सदस्य
6.	सुश्री मेबल रिबेलो, संसद सदस्य (राज्य सभा)	सदस्य
7.	श्री विक्रम वर्मा, संसद सदस्य (राज्य सभा)	सदस्य
8.	श्री सी. एन. वी. अण्णामलै, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, चैन्नई-600017	सदस्य
9.	डॉ. भगवान दास पटैरया, केन्द्रीय सचिवालय हिंदी परिषद्, नई दिल्ली-23	सदस्य
10.	डॉ. के. वी. फिलोमिना, वेट्टिकल हाऊस, कन्नूर जिला, केरल-670631	सदस्य
11.	डॉ. एन. अजीत कुमार, "श्रीरागम", टी.सी. 7/1031-1, मरुथामकुझियो, पो.ऑ. कंहीरामपारा, त्रिवेन्द्रम-695030	सदस्य
12.	श्री दीपक पाठक, ए-13, भूतल, न्यू राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली-110060	सदस्य
13.	श्री वीरेन्द्र कुमार शिरीष, ए-104, प्रकृति अपार्टमेंट, प्लाट नं. 26, सेक्टर-6, द्वारका, नई दिल्ली-110075	सदस्य
14.	श्री मनीष शर्मा, एच/16, विज्ञान नगर, अन्नपूर्णा मेन रोड, इंदौर (म. प्र.)	सदस्य
15.	डॉ. मनोहर प्रभाकर, सी-118, मंगल मार्ग, बापू नगर, जयपुर	सदस्य
16.	चौधरी यशपाल सिंह, हरि लोक, समीप स्पोर्ट्स स्टेडियम, साकेत, मेरठ, (उ.प्र.)	सदस्य
	सरकारी सदस्य	
17.	सचिव, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय	सदस्य

18.	सचिव, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग	सदस्य
19.	वन महानिदेशक एवं विशेष सचिव, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय	सदस्य
20.	सभी अपर सचिव, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय	सदस्य
21.	सभी संयुक्त सचिव, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय	सदस्य
22.	संयुक्त सचिव, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग	सदस्य
23.	प्रशासनिक प्रमुख पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के सभी संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालय, स्वायत्त निकाय, सार्वजनिक उपक्रम, बोर्ड तथा प्राधिकरण	सदस्य
24.	निदेशक (राजभाषा), पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली	सदस्य
25.	संयुक्त सचिव (राजभाषा प्रभारी), पर्यावरण एवं वन मंत्रालय	सदस्य सचिव

समिति के कार्य

इस समिति का कार्य भारत के संविधान में राजभाषा संबंधी प्रावधानों, राजभाषा अधिनियम और नियम के उपबंधों, केन्द्रीय हिंदी समिति के निर्णयों तथा गृह मंत्रालय (राजभाषा विभाग) द्वारा जारी निदेशों के कार्यान्वयन और मंत्रालय के कामकाज में हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के बारे में सलाह देना होगा।

कार्यकाल

1. समिति का कार्यकाल इसके गठन की तिथि से तीन वर्षों की अवधि का होगा।
2. समिति के कार्यकाल के दौरान, यदि किसी व्यक्ति को समिति का सदस्य नामित किया जाता है, तो वह समिति के कार्यकाल की शेष अवधि के लिए ही सदस्य होगा।
3. विशेष परिस्थितियों में मंत्रालय द्वारा समिति का कार्यकाल कम या ज्यादा किया जा सकता है।
4. जो संसद सदस्य समिति के सदस्य हैं, वे संसद सदस्य न रहने पर इस समिति के सदस्य नहीं रहेंगे।
5. समिति के पदेन सदस्य अपने पद पर कार्य करते रहने पर समिति के सदस्य होंगे।

यात्रा भत्ता एवं अन्य भत्ते

समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए गैर-सरकारी सदस्यों को राजभाषा विभाग के दिनांक 22 जनवरी, 1987 के कार्यालय ज्ञापन सं. 11/20034/4/86-रा.भा. (क-2) में निहित निदेशों के अनुरूप और भारत सरकार द्वारा समय-समय पर यथा संशोधित निर्धारित दरों एवं नियमों के अनुसार यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता दिया जाएगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की प्रति राष्ट्रपति सचिवालय, उप राष्ट्रपति सचिवालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, योजना आयोग, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, महालेखाकार, केन्द्रीय राजस्व और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों, सभी राज्य सरकारों और संघ शासित प्रशासनों आदि को भेजा जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को सर्वसाधारण की जानकारी के लिए भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

बी. पी. नीलरत्न
संयुक्त सचिव

संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(सूचना प्रौद्योगिकी विभाग)

नई दिल्ली-110003, दिनांक 25 फरवरी 2010

अंकीय हस्ताक्षर प्रमाण-पत्र अन्तर प्रचालन के दिशा-निर्देश

सं. 2(32)/2009-ई.जी.-II--जबकि सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (डीआईटी), संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार राष्ट्रीय ई-शासन योजना (एनईजीपी) चला रहा है जिसका उद्देश्य उचित शासन और संस्थागत तंत्र की स्थापना करना और केन्द्र एवं राज्य सरकार के स्तर पर कई मिशन मोड परियोजनाओं का कार्यान्वयन करना है, और

जबकि एनईजीपी के अंतर्गत भारत सरकार किसी भी प्रकार के प्रौद्योगिकीय अवरोधों से बचने के लिए मुक्त मानदण्डों के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रही है, और

जबकि ई-शासन में मानदण्ड उच्च प्राथमिकता वाला एक कार्यकलाप है, जिससे सूचना के आदान-प्रदान में और ई-शासन अनुप्रयोगों में डेटा के अविच्छिन्न अन्तर प्रचालन का सुनिश्चय होता है सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार ने ई-शासन के लिए मानदण्ड तैयार करने/अपनाने के लिए एक सांस्थानिक तंत्र का गठन किया है, और

जबकि अंकीय हस्ताक्षर प्रमाण-पत्रों (डीएससी) की आवश्यकता ई-शासन में अधिप्रमाणन के लिए होती है तथा प्रमाणन प्राधिकारी नियंत्रक (सीसीए) ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के अंतर्गत आठ प्रमाणन प्राधिकारियों को लाइसेंस दिया है, और

